# डीबी डिजिटल मीडिया

प्रिंट मीडिया पार्टनर "प्रदेश सत्ता"

■ वर्ष-01 ■ अंक-03 ■ बालोद, मंगलवार 19 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-04 ■ मूल्य-4 रुपये


# सियादेही में हादसे के बाद अलर्ट हुई गुरुर पुलिस

## सुरक्षा व्यवस्था के लिए बल तैनात,झरने के पास जाने पर लगाई गई पाबंदी

दीपक देवदास, डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर




पर्यटकों को सावधानी बरतने समझाती गुरुर पुलिस



सोमवार को झरने के पास लगाया गया सुरक्षा जाली, झरने के नीचे जाने पर अब है पाबंदी

बालोद जिले का प्रसिद्ध धार्मिक और दर्शनीय पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात है सियादेही मंदिर और उसका झरना। जहां बरसात में हजारों पर्यटक रोज माता के दर्शन और झरना का दीदार करने के लिए आते हैं। बारिश में झरने का मनोरम दृश्य लोगों को आकर्षित करता है, पर इस आकर्षण के साथ-साथ थोड़ी सी लापरवाही जान पर भी भारी पड़ सकती है। ऐसा ही कुछ हादसा रविवार को हुआ था, जब मंदिर घूम कर मुख्य सड़क पर आने के दौरान रपटा पार करते दो युवक बह गए थे। समय रहते मौजूद लोगों की नजर पड़ी और कुछ मिनट बाद बह रहे युवकों को बचा लिया गया। पर यह हादसा और भी किसी के साथ और कोई भी दिन हो सकता है। इस घटना के बाद बालोद जिला पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। घटना के बाद सवाल उठ रहा था कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई इंतजाम नहीं किए जाते हैं। दोनों युवकों के बहे जाने की घटना सुर्खियों में रही। जिसके बाद अब गुरुर पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। मौके की परिस्थितियों को जानने के लिए जब हम भी सियादेही पहुंचे तो पता चला कि यहां पर्यटकों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। सुरक्षा को लेकर ट्रस्ट द्वारा भी कोई विशेष सावधानी नहीं बरती गई थी। लेकिन इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन और मंदिर समिति दोनों ही गंभीर होती दिखाई दे रही है। अब किसी को झरने के पास जाने की इजाजत नहीं है। वहां तार जाली लगा दिया गया है। एक पोस्टर लगा दिया गया है कि झरना के पास न जाए झरने में न उतरे , वहां नहाने के लिए ना जाए। इसी तरह दो-तीन जगह पर भी सावधानी बरतने संबंधी पोस्टर लगवाए गए हैं। पुलिस की ओर से गुरुर थाना प्रभारी सुनील तिर्की सहित उनकी टीम मौके पर कई घंटे तैनात रही और आने वाले पर्यटकों को सावधानी बरतने के लिए बताती रही। झरना की



ओर जाने वाले मार्ग पर एक कैमरा भी लगा हुआ था लेकिन वह बंद पड़ा हुआ था। जिसकी जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी द्वारा उसे तत्काल सुधरवाया गया ताकि झरने की ओर आ जा रहे लोगों की निगरानी हो सके। इसी तरह अन्य जगहों पर भी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा अपील की जा रही है कि रपटा पुल के ऊपर अगर ज्यादा पानी हो तो बिल्कुल भी इसे पार ना करें। थोड़ी सी असावधानी जान को खतरे में डाल सकती है। इस तरह देख सकते हैं कि पुलिस प्रशासन अब सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यहां गंभीर दिख रही है। मंदिर समिति भी अब पूरी सावधानी बरत रही है ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। आपको बता दे कि कई साल पहले बिलासपुर के चार युवकों की मौत सियादेही के झरने में गिरने के कारण हुई थी। हालांकि उसके बाद ऐसी बड़ी घटना यहां नहीं हुई है। पर जिस तरह रविवार को दो युवक बहते बहते बचे हैं, उससे यह कह नहीं सकते कि कब क्या हो जाए। शासन प्रशासन अगर इसी तरह गंभीरता दिखाते रहे तो पर्यटकों पर निगरानी हो सकती है। अगर सुरक्षा व्यवस्था में चूक की गई तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अधिकतर दिनों में यहां कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने या कोई रोकने टोकने वाला ना होने के कारण बाहर से आने वाले पर्यटक शौक पूरे करने के लिए झरने के पास जाते हैं, कोई सेल्फी लेता है तो कोई रील बनाते हैं पर ऐसे शौक के चक्कर में जान आफत में भी पड़ जाती है। हम खासकर युवा वर्ग से यही अपील करते हैं कि सावधानी पर विशेष ध्यान दें। कहीं शौक पूरे करने के चक्कर में सियादेही आना जिंदगी का आखिरी सफर ना बन जाए। गुरुर थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने कहा कि लगातार वहां बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए हैं।

# एग्रीस्टैक परियोजना: उपज बेचने किसानों को दस्तावेजों का बार-बार सत्यापन कराने से मिलेगी मुक्ति

डीबी डिजिटल मीडिया बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार बालोद जिले में एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने सोमवार को आला अधिकारियों के साथ बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा में किसान श्री फिरूराम के खेत में पहुँचकर खसरा नंबर 676/6 में सर्वेयर एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को डिजिटल फसल सर्वेक्षण के कार्य को निर्धारित समयावधि में त्रुटिरहित ढंग से पूरा कराने के



निर्देश भी दिए। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम नूतन कंवर, तहसीलदार आशुतोष शर्मा एवं अन्य अधिकारियों के अलावा राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं कृषकगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने सर्वेयर के द्वारा मोबाईल एप्प के माध्यम से किए जा रहे डिजिटल फसल सर्वेक्षण के कार्य का गहनता के साथ अवलोकन कर इसके संबंध में आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के संबंध में जानकारियां भी दी। कलेक्टर ने कहा कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण के माध्यम से अब किसानों द्वारा खेत में बोए जाने वाली फसलों एवं क्षेत्रफल की वास्तविक जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत सर्वेयर द्वारा संबंधित खसरा नंबर में जाकर डिजिटल क्रॉप सर्वे एप्प के माध्यम से संबंधित खेत का तीन फोटो खीचकर इसकी प्रविष्टि की जाएगी। इससे फसल के रकबे को कम या अधिक लिखे जाने की संभावना समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को बहुत जरूरी लाभ प्राप्त हो सकेगा। इनमें किसानों को कृषि उपज बेचने के लिए अब अपने दस्तावेजों का बार-बार सत्यापन कराने से मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही फसल से जुड़ी सारी अहम जानकारी भी किसानों को एक जगह मिल जाएगी। इससे किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचना आसान हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि सर्वेयर द्वारा डिजिटल सर्वेक्षण कार्य के उपरांत पटवारी द्वारा इसका सत्यापन भी किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### गणेश प्रसादम भोजनशाला की सेविका बहनों को मिला तीजा पर उपहार



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद ।** बालोद के प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्ट व्यवसाई खेमचंद गोयल की पुत्रवधू रवीना गौरव गोयल ने एक अनुकरणीय पहल किया। उन्होंने मरार पारा बालोद में संचालित गणेश प्रसादम भोजन शाला में काम करने वाली सेविका बहनों को तीजा के उपलक्ष में खास उपहार भेंट किया है। गणेश प्रसादम भोजन शाला में पहुंचकर उन्होंने यहां की सेविका बहनों को स्वच्छता किट भेंट किया है। जिनका इस्तेमाल वे अपने घरों में कर सकेंगे। इस स्वच्छता किट में चार तरह के साफ-सफाई से संबंधित लिक्विड है। उपहार पाकर सेविका बहनों ने श्रीमती गोयल का आभार जताया है। इस पहल की नगर वासियों ने भी सराहना की। उपहार देते हुए श्रीमती गोयल ने सेविका बहनों को तीजा की बधाई के साथ सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी।

### ठेठवार यादव समाज ने सामाजिक भवन में मनाई कृष्ण जन्माष्टमी



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।** ठेठवार भवन गंजपारा बालोद में ठेठवार यादव समाज बालोद राज के सदस्यों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में भगवान श्री कृष्ण की विधिवत् पूजा अर्चना कर सामूहिक रूप से कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया।इस अवसर पर बालोद राज के अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव, श्रीमती तारादेवी ताम्रध्वज यादव सभापति जनपद पंचायत गुरूर , महासचिव एलेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष हेमंत यादव , अंकेक्षक पवन यादव ,उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव , सहसचिव सचिन यादव, कार्यालय प्रभारी रामस्वरूप यादव , मंडल अध्यक्ष तरौद जनक यादव , हर्ष यादव, तृप्ति यादव ,विजय यादव , बृजेश यादव उप कोषाध्यक्ष, महिपाल यादव मंडल अध्यक्ष नेवारीकला एवं समाज के अन्य लोग उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव ने दिया

# कुरदी में खास रहा स्वतंत्रता दिवस समारोह, वीर सपूत उद्यान में ग्रामीणों ने मिलकर किया 111 फीट की ऊंचाई पर ध्वजारोहण





**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

बालोद जिले के गुंडरदेही ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुरदी में इस बार स्वतंत्रता दिवस खास तरीके से मनाया गया। जहां गांव के विभिन्न चौक चौराहों पर ध्वजारोहण तो हुआ ही, वीर सपूत उद्यान में ग्रामीणों ने मिलकर सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया । यहां विद्युत तकनीक से ध्वजारोहण किया गया। बता दे कि इस उद्यान में 111 फीट की ऊंचाई पर तिरंगा लहराया गया है। जिसका विधिवत उद्घाटन कुछ महीने पहले ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ था। उक्त वीर सपूत उद्यान में ग्रामीणों द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर 111 फीट की ऊंचाई पर तिरंगा फहराया गया। तकनीक के माध्यम से बटन दबाकर किए जाने वाले इस ध्वजारोहण में तिरंगे को नीचे से ऊपर जाने में 10 मिनट का समय लगता है। इस दौरान सभी प्रमुख लोगों को ध्वजारोहण में। शामिल होने का मौका मिला। जनप्रतिनिधि सहित स्कूली बच्चों और महिलाओं ने भी इसमें हिस्सा लिया। सरपंच पूनम संजय साहू ने सभी मौजूद लोगों को देश के वीर सपूतों के त्याग, बलिदान, कड़ी संघर्ष से मिले इस आज़ादी को याद कर उत्सव मनाने के पर्व की हार्दिक बधाई शुभकामनाए दी। ग्राम पंचायत भवन, अमृत सरोवर, प्राथमिक शाला कुरदी, आंगनबाड़ी, जिला सहकारी बैंक, सेवा सहकारी समिति, पीएचसी कुरदी और वीर सपूत उद्यान में 111 फिट राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण ग्रामीणों और अतिथियों के गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

# बालोद पुलिस ने शुरू किया नशा से आजादी अभियान

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर नियंत्रण एवं समाज को नशा मुक्त बनाने हेतु बालोद पुलिस द्वारा जिले के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों का रविवार को बालाजी रिसॉर्ट में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में नशा उन्मूलन अभियान में सहयोग की अपील की और शपथ दिलाई गई। थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा ने कहा कि समाज हित में सहयोग करें। मेडिकल संचालक समाज के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए वे युवाओं को नशे की लत से बचाने में अहम योगदान देंगे। एसडीओपी बालोद ने डॉक्टर की प्रिसक्रिप्शन अनिवार्य ,नशीले दवाई के लिए संपर्क करने वाले युवाओं के संबंध में पुलिस को जानकारी देने, सुरक्षा हेतु सीसीटीवी लगाने, साइबर फ्रॉड से बचने के संबंध में जानकारी दी।




मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना वैध डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन के किसी भी नशा प्रयुक्त या प्रतिबंधित दवा का विक्रय न किया जाए।एसडीओपी बालोद ने स्पष्ट किया कि नियमों का पालन न करने पर संबंधित मेडिकल स्टोर के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। नशीले दवाइयों पर पुलिस कार्यवाही के प्रकरणों में एंड टू एंड विवेचना पर आरोपियों द्वारा यदि बताया जाता है कि मेडिकल संचालक के द्वारा लगातार उनको नशीले दवाई विक्रय किया जा रहा था तो उन पर भी कार्यवाही की जाएगी। "नशा से आजादी" के क्रम में जिला प्रशासन बालोद के द्वारा स्वतंत्रता दौड़ कार्यक्रम के दौरान भी बच्चों को नशा मुक्ति हेतु शपथ ग्रहण कराया गया तथा 15 अगस्त पर नशा मुक्त के संबंध में बैनर पोस्टर के जरिए भी नशा से दूर रहने अपील की गई है। बालोद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि नशा से दूर रहें, नशा को न कहें जिंदगी को हां कहें। यह कार्यक्रम पूरे जिले में थानेवार चलाई जा रही है ।




""मै.. ईश्वर की शपथ लेता हूँ कि मै दवाईओ का विक्रय/वितरण ऐसे किसी भी व्यक्ति को नही करूंगा जो उसका दुरूपयोग करके नशे के लिए इस्तेमाल करे। मै शपथ लेता हूँ कि यदि ऐसा कोई भी व्यक्ति जो दवाईओ को गलत तरीके से बेचते है या नशा करने के लिए खरीदते है, मेरी जानकारी में आएंगे तो मै पुलिस विभाग को तत्काल सुचित करके अपने कर्तव्यो का निर्वहन करूंगा

# जेवरतला में कोसरिया यादव समाज ने मनाई जन्माष्टमी

डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर



ग्राम पंचायत जेवरतला में कोसरिया यादव समाज एवं समस्त ग्रामवासी की सहयोग से श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण जी का प्रतिमा का स्थापना एवं कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार को धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी अशोक साहू सभापति जिला पंचायत बालोद थी। अध्यक्षता हेमंत यादव जिला अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज बालोद ने की। अति विशेष अतिथि डॉ हरिकृष्ण सभापति जनपद पंचायत गुरुर, विशेष अतिथि दुर्गा प्रसाद यादव उपाध्यक्ष जिला कोसरिया यादव समाज बालोद, लिलेश्वरी साहू सरपंच ग्राम पंचायत जेवरतला ,डोमेन साहू उपसरपंच, जगराम यादव, बोधराय हिरवानी, नीलकंठ कुबेर मौजूद थे। अतिथियों द्वारा कृष्ण भगवान का पूजा आराधना किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का यादव समाज की ओर से स्वागत करवाया गया । उद्बोधन मुख्य अतिथि लक्ष्मी अशोक साहू ने कहा सबसे पहले कृष्ण जन्माष्टमी की आप सभी को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं। सभी की उज्जवल भविष्य की कामना की। यादव समाज द्वारा जो मांग किया गया था उसको प्राथमिकता में लेते हुए पूरी करने की बात कही। डॉ हरीकृष्ण गंजीर सभापति ने भी सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया और सभी को यादव समाज का मांग यादव सामुदायिक भवन के सामने टीन शेड लगवाने के लिए जनपद निधि 1 लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने कृष्ण भगवान की जीवनी पर प्रकाश डाला। आयोजन में दिनेश लाल यादव, नरोत्तम निर्मलकर, विष्णु साहू, डॉ राकेश सार्वा, आर एच ओ उपस्वास्थ्य केंद्र बेल्हारी, लखन लाल साहू अध्यक्ष, किरण साहू, धर्मेंद्र कुमार साहू, अश्वनी साहू, यादव समाज के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण ग्राम पंचायत के समस्त पंचगण, ग्राम विकास समिति के समस्त अध्यक्ष पदाधिकारी एवं समस्त सदस्य एवं ग्राम के समस्त वरिष्ठ जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सतमरा निवासी श्री साहू और आभार प्रदर्शन दिनेश यादव ने किया।

# अटल जी की पुण्यतिथि पर अरमरीकला में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन





डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर।

अटल बिहारी वाजपेयी के पुण्यतिथि पर ग्राम पंचायत अरमरीकला में सरपंच घनेंद्र साहू के संयोजन एवं नरेश साहू जनपद सभापति के मार्गदर्शन में रक्तदान किया गया। रक्तदान कराने जयदीप बल्ड बैंक रायपुर की टीम आई थी। जहां अरमरीकला सहित आस पास के युवा साथी ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। साथ में रक्तदान करने वाले को यातायात जागरूकता हेतु सभी रक्तवीरो को हेलमेट प्रदान किया गया। सभापति नरेश साहू ने कहा कि रक्त दान महादान है आपके रक्त दान से किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। रक्त दान करने से शरीर में नए रक्त का संचार होता है। जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। इस दौरान 100 से अधिक यूनिट रक्तदान किया गया। आयोजन में चंद्रशेखर, भारत साहू, जागृत साहू, पप्पू साहू, टेकराम पटेल, युगल साहू, यशवंत साहू, भूपेंद्र साहू ,नोगेंद्र साहू, लोमेश साहू सहित सैकड़ों युवाओं ने रक्त दान किया

# डौंडीलोहारा में 2018 से देशभक्ति का अलख जगा रही है राष्ट्रगान समिति

## स्वतंत्रता दिवस पर होता है विशेष आयोजन



डीबी डिजिटल मीडिया बालोद

प्रतिवर्षानुसार काली मंदिर के समीप अटल चौक, मुख्य मार्ग पर राष्ट्रगान समिति डौंडी लोहारा के तत्वाधान में 79 वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया । जिसके मुख्य अतिथि ब्रह्मकुमारी सीमा दीदी थी। उनके द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपादित किया गया, ज्ञात हो कि राष्ट्रगान समिति का गठन 2018 में, देशभक्ति की अलख जगाने के लिए किया गया था। तब से लेकर आज तक इस स्थल में यादगार स्वरूप विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होता रहा है। जिनमें मुख्य भूमिका राष्ट्रगान समिति के पदाधिकारीयों व सदस्यों का रहा है। इस अवसर पर दीदी जी ने ध्वजारोहण को सलामी देते हुए कहा कि मैं उन समस्त वीरों को नमन करती हूं ,जिन्होंने अपनी कुर्बानी देकर देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपना कोई कसर नहीं छोड़ा। इस अवसर पर धर्मेंद्र निषाद ने कहा कि- आप सब लोगों को 79 व स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं। साथ में राष्ट्रीय चेतना के जागरण में आप सब की सहयोग की अपेक्षा करता हूं। इस अवसर पर लाल निवेंद्र सिंह टेकाम (अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडी लोहारा)ने कहा कि- हम सब लोग आजादी की लड़ाई की 79 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं, निश्चित रूप से हमारे उन वीर जवानों को जिन्होंने अपना पूरा योगदान इस देश को स्वतंत्र कराने में दिये है ,उनको मैं सलामी देते हुए नमन करता हूं। तत्पश्चात प्यारेलाल निषाद जिनके द्वारा इस कार्यक्रम हमेशा की तरह बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं भाग लेकर उक्त कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए अपनी माहिती भूमिका अदा किया ने कहा कि- आप सब लोगों ने अपना कीमती समय निकालकर यहां तक पहुंचे और देशभक्ति की अलख जागने के साथ-साथ स्वतंत्रता दिवस के कार्य क्रम में अपना सहयोग प्रदान किया इसके लिए मैं आप सब के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगे भी ऐसा सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा रखता हूं ,आप सबको मेरी ओर से स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं ।जय हिंद।। इस अवसर पर लाल नवेंद्र सिंह टेकाम (अध्यक्ष), सूर्य कला (पार्षद वार्ड क्रमांक 1) ,(जूही भंसाली वार्ड क्रमांक 11 पार्षद), राजेंद्र निषाद (वार्ड क्रमांक 14 पार्षद), महेंद्र जायसवाल , जितेंद्र कुमार यादव , दीनू यादव , पलाश गुप्ता, गैंदू भंसाली , भगवानी निषाद, धीरज जैन ,धर्मेंद्र निषाद, प्यारेलाल निषाद, मोती, नमन निषाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

# कृष्ण जन्माष्टमी पर चैतन्य झांकी रही आकर्षण का केंद्र



डीबी डिजिटल मीडिया बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर चैतन्य झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कृष्ण की मनमोहक झांकी आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर वार्ड नं. 14 आमापारा बालोद के पार्षद आशा पटेल, पूर्व कार्यपालन अभियंता पुरूषोत्तम सुधाकर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भोपसिंह साहू, मुख्य संचालिका बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी एवं बी.के. सरिता दीदी के द्वारा चैतन्य झांकी का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया गया। बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि जन्माष्टमी के दिन श्री कृष्ण के भक्त उनके चरित्र के आधार पर झांकियां तैयार करते और रथ आदि सजाकर उन झांकियों को पूरे नगर में घूमाते है, परंतु यह नहीं सोचते कि श्री कृष्ण का जीवन झांकियों के योग्य बना किस आधार पर? झांकियों को देखने के बाद हमें अपने जीवन में भी झांकना चाहिए कि जिस श्री कृष्ण का हम आह्वान करते है, उनके समान हमने आने वाले जीवन में कहां तक श्रेष्ठता को लाया है। अतः श्री कृष्ण का आह्वान करने के लिए पहले तो भारत वासियों को आहार, व्यवहार, विचार के शुद्धिकरण की आवश्यकता है। बी.के. सरिता दीदी ने कहा कि कृष्ण अर्थात् आकर्षण करने वाली मनमोहक अर्थात् जो दिव्य गुणों से सुसज्जित देव आत्मा है वही हर आत्मा को आकर्षित करते है इसलिए सभी श्री कृष्ण को प्यार करते है, देवता अर्थात् देने वाली लेकिन कलियुग अंत में हम सब लेवता बन गए है, जब हम सबको सुख, शांति, सम्मान, प्यार देंगे, जो चीज देंगे वही हमारे पास लौट के आता है इस तरह से श्री कृष्ण की मनोरम झांकी को देखने के लिए यहां अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बोईरडीह में लगा निशुल्क आयुष मेला, सैकड़ो ग्रामीणों ने उठाया लाभ





**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।**

संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी बालोद के निर्देशानुसार आयुष विभाग छत्तीसगढ़ के विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला के योजना अंतर्गत जन सामान्य को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं स्वास्थ्य जनजागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को ग्राम बोईरडीह, विकासखंड डौंडीलोहारा के कला मंच में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवेक वैष्णव ( डौंडीलोहारा) थे। अध्यक्षता अंकालू राम सहारे (सरपंच ग्राम पंचायत रानीतराई रोड) ने की।कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान धन्वंतरि के पूजन से हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्षा श्रीमती शशि कला ठाकुर ने उनके ग्राम में इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए आयुष विभाग को धन्यवाद प्रेषित किया। मुख्य अतिथि विवेक वैष्णव ने चिकित्सकों को भगवान का रूप बताया, अपने आयुर्वेद के एवं पंचकर्म के अनुभवों को साझा किया। टुमन साहू ने ग्राम वासियों से अपील की वे अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के लिए आयुष पद्धति को प्राथमिकता दें। उर्मिला साहू ने किशोर बालिकाओं, छोटे बच्चों और माता के स्वास्थ्य में आयुष चिकित्सा पद्धति से योगदान प्रदान करने की अपनी इच्छा जाहिर की। किशोरी लाल साहू ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन के कुंजी है और स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आयुर्वेद योग को अपने और व्यसन से दूर रहने की अपील की। कैंप प्रभारी डॉक्टर अरुण छाजेड़ ने जानकारी दी की इस स्वास्थ्य मेले में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. अशोक ठाकुर, डॉ उदयभानू साहू, डॉ गोपेश ठाकुर, डॉ. दामिनी सोना , डॉ. वैशाली देवांगन तथा नेत्र रोग सहायक अनिल सोनी उपस्थित थे । स्वास्थ्य मेले में आयुर्वेद फार्मेसिस्ट धरमचंद निषाद, भुनेश्वर साहू, अमित बाजपेई, कमलेश साहू, गजाधर सिंहा और औषधालय सेवक गजेंद्र साहू, नंदकुमार सोनवानी और राकेश यादव ने सेवाएं दी। शिविर में इनको मिला लाभस्वास्थ्य मेले में कुल 376 मरीजों ने आयुर्वेद एवं 66 मरीज ने नेत्र विशेषज्ञ से अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हेतु परामर्श लिया। शिविर में 105 मरीज का ब्लड शुगर जांच, 50 मरीज का हीमोग्लोबिन जांच, 15 मरीज का सिकलिंग जांच की गई। शिविर में स्वास्थ्यवर्धक काढ़े का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य मेले में लोगों के बीच मुख्य आकर्षण केंद्र आयुर्वेद सेल्फी स्टैंड रहा। शिविर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था, जिसमें 15 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले लोगों को प्रोत्साहन के तौर पर हेलमेट और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

# शासन की बेरुखी से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आह्नान पर सरकार के बेरुखी एवं अड़ियल रवैया से परेशान कर्मचारियों ने इस बार आंदोलन को अनिश्चित कालीन करने का निर्णय लिया हैं। 15 अगस्त 2025 को सरकार की ओर से मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे नाराज कर्मचारी आज से प्रदेशभर के 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार एवं काम बंद,कलमबंद हड़ताल करेंगे। इस बार संघ ने एसएनसीयू में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (Special Newborn Care Unit) सहित आपातकालीन सेवा भी बंद रहेंगा आपातकालीन सेवाओं को भी पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में संघ द्वारा शासन को पूर्व में ही सूचना दे दी गई है। इसी क्रम में सोमवा से बालोद जिला मुख्यालय बालोद बस स्टैंड में NHM कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है जिसमें जिला अध्यक्ष खिलेश साहू,संरक्षक दिनेश खर्कवाल ,उपाध्यक्ष प्रेम कुमार यादव, महिला विंग झरना नामदेव, CHO प्रकोष्ठ से श्रीमती दिव्या जगनायक, RBSK से डॉ इंद्र चंद्राकर, बीपीएम प्रकोष्ठ से योगेश साहू सहित NHM की सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।



हड़ताल की शुरुआत में दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। संविलियन/स्थायीकरण,पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण,कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता,लंबित 27% प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण,अनुकम्पा नियुक्ति,मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा,स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख कैसलेश चिकित्सा बीमा आदि मांगे हैं। एनएचएम कर्मचारी विगत 20 वर्षों से प्रदेश के सुदूर अंचलों से लेकर प्रमुख शासकीय संस्थानों में स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बने हुए हैं।

## राजनीतिक समर्थन और अब की उपेक्षा

कोविड-19 महामारी जैसे संकट में भी इनकी भूमिका अतुलनीय रही है। इसके बावजूद, आज भी उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है, जबकि अन्य राज्यों में इसी मिशन के कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हैं। संघ के प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि मौजूदा सरकार के कई वरिष्ठ नेता – जैसे- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा,वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी व वन मंत्री केदार कश्यप सहित बड़े नेताओ ने पूर्व में एनएचएम कर्मचारियों के मंचों पर आकर समर्थन देते रहे हैं। यहां तक कि "मोदी की गारंटी" में नियमितीकरण का वादा भी किया गया था। बावजूद इसके, पिछले 20 माह में 160 से अधिक बार ज्ञापन व आवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से कोई समाधान नहीं निकल पाया।अब कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य हैं। सरकार से आग्रह है कि वह तत्काल संवाद स्थापित करे, जायज़ मांगों पर निर्णय ले, अन्यथा छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह बेपटरी हो सकती हैं, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी।

संपादकः **माधुरी दीपक यादव**, सलाहकार संपादक-**यशवंत पुरी गोस्वामी**, उप संपादक- **मधू दीपक देवदास**,वेब मीडिया dailybalodnews.com, प्रिंट मीडिया पार्टनर- प्रदेश सत्ता ,संपादक - **मुनेंद्र यादव**